In the News

Publication: **Aaj Ka Anand** | Region: **Pune** | Date: **23/01/2018** | Page No.: **06**

रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ बैंक एश्योरेंस समझौते के दौरान (बाएं से) आशीष वोहरा और रवींद्र मराठे.

रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ किया करार

पुणे, 22 जनवरी (आ.प्र.)

रिलायंस कैपिटल लिमिटेड की सिस्टर कंपनी रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (आरएनएलआईसी) ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ बैंक एश्योरेंस कॉर्पोरेट एजेन्सी समझौता किया है. इस करार का लक्ष्य सुपर मार्केट, बैंक की स्थिति तथा बैंक के ग्राहकों के आधार को मजबूत बनाना है. साथ ही बैंक की क्षमता को बढ़ाना भी है.

आईआरडीए के नये निर्देशानुसार बैंक अब तीन अलग-अलग कंपनियों से समझौते कर सकती है. ऐसे में बैंक ऑफ महाराष्ट्र यह पहल करने वाला पहला बैंक होगा. इस समझौते पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र के चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर रवींद्र मराठे ने कहा, इस साझेदारी से आगे वित्तीय सुरक्षा, बचत और निवेश के मौके हमें प्राप्त होंगे, जिन्हें हम ग्राहकों को उपलब्ध कराएंगे. अभी एलआईसी के साथ हमारा करार है. जिससे

> ■ बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर रवींद्र मराठे ने कहा - इस साझीदारी से ग्राहकों को वित्तीय सुरक्षा, बचत और निवेश के मौके प्राप्त होंगे

हमें इन्कम के तौर पर 5 करोड़ रुपए की फीस मिलती है. अब नए समझौते के बाद 100 करोड़ रुपए की इन्कम का लक्ष्य हमने रखा है. रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं सीईओ आशीष वोहरा ने कहा, हमारी लांग टर्म सुरक्षा और बीमा रिटर्न बैंक के प्रस्ताव के अनुकूल है. यह हमें बैंक के बाजार में ब्रांड आधार के साथ मिलकर ग्राहकों के हित में हमारी क्षमताओं का लाभ उठाने का अवसर देता है.